वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेंल- spazh-up@nic.in

प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

पत्र संख्या- 89/2025 *दिनांक- 09.03.2025*

हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ द्वारा आज दिनांक-09.03.2025 को आगामी त्यौहारों होली/रमजान के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष सहित समस्त पुलिस कर्मियों को ब्रीफ करते हुए बलवा ड्रिल उपकरणों/संसाधनों के साथ कराई गयी मॉक ड्रिल व दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ द्वारा आगामी त्यौहारों होली/रमजान के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष सहित समस्त पुलिस कर्मियों को ब्रीफ करते हुए बलवा ड्रिल उपकरण/संसाधनों के साथ कराई गयी मॉक ड्रिल-

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व जनपद समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष मय पुलिस फोर्स के साथ आगामी त्यौहारों होली/रमजान व किसी भी आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने हेतु दंगा नियंत्रण उपकरणों/संसाधनों के साथ बलवा ड्रिल की समस्त 10 पार्टियों ने हिस्सा लिया जिसमें

1.एल0आई0यू0
2. सिविल पुलिस
3. फायर सर्विस
4. अश्रु गैस
5. लाठी पार्टी
6. फायर पार्टी
7. रिजर्व पार्टी
8. फस्ट ऐड
9. मजिस्ट्रेट और सहायक पार्टी
10. वीडियों ग्राफी की पार्टियों के साथ बलवा मॉक ड्रिल व दंगा निरोधक उपकरणों का अभ्यास कराया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी त्यौहारों में सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था के मद्देनजर समस्त पुलिस बल को अश्रु गैस, पैलेट गन, रबर बुलेट गन, एंटी राइट गन आदि दंगा नियंत्रण उपकरणों का अभ्यास कराया गया साथ ही विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियत्रंण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों एवं टैक्टिस का क्रमवार अभ्यास किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ द्वारा सभी पुलिसकर्मियों को बताया गया कि सदैव मानसिक एवं शारीरिक रूप से तत्पर रहें एवं दंगा नियंत्रण के समस्त उपकरण सक्रिय दशा में सदैव अपने साथ रखें जिससे कि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटा जा सके।

मॉक ड्रिल में शामिल गतिविधिया:-

1- पुलिस कर्मियों को विभिन्न परिस्थितियों (जैसे भीड़ नियंत्रण, पथराव और आगजनी) में प्रतिक्रिया देने का अभ्यास/ड्रिल कराया गया।
2- उन्हें आंसू गैस, लाठीचार्ज और अन्य बलवा ड्रिल सामग्री का उपयोग करना सिखाया गया।
3- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों को त्योहारों के दौरान सतर्क रहने और जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया।

इसके अतिरिक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल एवं टियर गैस सामग्री, फायर सर्विस को चेक किया गया एवं सभी को आदेशित किया गया कि सायरन / पी.ए.सिस्टम चालू हालत में हो सुनिश्चित करें, उक्त ड्रिल के दौरान शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का परीक्षण किया गया।

इस ड्रिल में अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेन्द्र लाल, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लालगंज शुभम अग्रवाल, सहायक पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षणाधीन आइपीएस प्रशान्तराज हुड्डा, जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण/थाना प्रभारी/थानाध्यक्ष एवं समस्त पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।